ई-मार्केट से जुड़ रहा एमएसएमई

करार

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

प्रतिष्ठित ई-कामर्स कंपनियां वालमार्ट और फ्लिपकार्ट राज्य के एमएसएमई उत्पादों को अपने प्लेटफार्म पर लेंगी। इससे उत्पादकों को जहां अपने उत्पाद को बेचने में आसानी होगी वहीं राज्य के निर्यात को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। गुरुवार को वालमार्ट और फ्लिपकार्ट के साथ एमएसएमई उत्पादों के क्षमता निर्माण के लिए करार किया गया।

निर्यात प्रोत्साहन भवन कैसरबाग में एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के नये कार्यालय के शुभारंभ के मौके पर यह करार किया गया। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह की उपस्थिति में वॉलमार्ट और फ्लिपकार्ट के साथ राज्य में एमएसएमई के लिए क्षमता निर्माण के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए निर्यात संवर्धन ब्यूरो के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित हुा। अपर मुख्य सचिव एमएसएमई डा. नवनीत सहगल तथा वालमार्ट वृद्धि (स्वस्ति) कार्यक्रम के निदेशक जूलियन जोजेफ ने एमओयू का आदान प्रदान किया। इस अवसर पर निर्यात मासिक पत्रिका का विमोचन किया गया। सहगल ने कहा कि प्रदेश की एमएसएमई को ई-मार्केट से जोड़ा जा रहा है।

निर्यात प्रोत्साहन भवन में एमओयू पर किए गए हस्ताक्षर।